PRE-BOARD EXAMINATION 2021-2022

CLASS: X A **SOCIAL STUDIES** **M.M:70**

HISTORY

I. बहुविकल्पीय प्रश्न **(6)**

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए तीन विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

1. प्रशा की राजा विलियम प्रथम को जर्मनी का सम्राट कब घोषित किया गया?
   (क) दिसंबर 1870 में (ख) जनवरी 1870 में (ग) जनवरी 1871 में
2. भारत वापस आने पर गांधी जी ने पहला सत्याग्रह कहां किया था?
   (क) अहमदाबाद (ख) बारडोली (ग) चंपारण
3. 1890 के दशक में अफ्रीका में फैलने वाली पशु बीमारी कौन सी थी?
   (क) फुट माउथ (ख) रिंडरपेस्ट (ग) मैड काऊ
4. धर्मनिरपेक्ष राज्य में –
   (क) केवल बहुसंख्यक वर्ग की धर्म को मान्यता
   (ख) एक राष्ट्र एक धर्म में विश्वास
   (ग) सभी धर्मों को सामान समझना
5. लोकतंत्र में जवाबदेहं और उत्तरदाई सरकार किसके प्रति उत्तरदाई होती है?
   (क) मंत्रिमंडल (ख) वयस्क मताधिकार (ग) नागरिक
6. भारत में लोकतंत्र की चुनौतियों में किस रूप से पिछड़े वर्गो ने अभी तक राजनीतिक शक्तियां प्राप्त नही की है?
   (क) सांस्कृतिक सामाजिक (ख) सामाजिक आर्थिक (ग) इनमें से कोई नहीं

II. अतिलघुउत्तरीय प्रश्न – **(6)**

1. नेपोलियन संहिता से क्या आशय है?
2. लोकतंत्र में सामाजिक विभाजन की राजनीतिक अभिव्यक्ति कैसी होती है?
3. भूमंडलीकरण क्या है? रेशम मार्ग क्या थे?

III. लघुउत्तरीय प्रश्न – **(6)**

1. वर्ष 1921 में असहयोग आंदोलन में शमिल होने वाले सभी सामाजिक समहू की आशाओं और संघर्षो के बारे में लिखते हुए यह वर्णन कीजिए कि वे आंदोलन में शामिल क्यों हुए थे?–

   अथवा

   महामंदी के कारणों की व्याख्या कीजिये।
2. संघवाद क्या है? संघवाद की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

   अथवा

   लोकतंत्र के परिणामों का मूल्यांकन कीजिए।

IV.दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – **(12)**

1. जर्मन एकीकरण की प्रक्रिया का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

   अथवा

   कॉर्न लॉ से क्या आषय है? कॉर्न लॉ के उन्मूलन से क्या प्रभाव पड़ा व्याख्या करें।
2. नारीवादी आंदोलन से क्या अभिप्राय है? जीवन के विभिन्न पक्षों का वर्णन कीजिए जिनमें भारत की महिलाओं के प्रति भेदभाव किया जाता है?

   अथवा

   भारतीय लोकतंत्र के समक्ष क्या चुनौतियां है? किन्ही तीन का वर्णन कीजिए।

V. निम्नलिखित स्थानों को दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में चिन्ह द्वारा दर्शाइए और उनके नाम भी लिखिए। **(5)**

1. वह स्थान जहॉं महात्मा गॉंधी ने नमक कानून भंग किया।
2. वह स्थान जहॉं सूती मिल श्रमिको का सत्याग्रह हुआ था।

https://www.upboardonline.com

3. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई।
4. वह स्थान जहाँ वर्ष 1920 में गांधीजी के असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव पारित हुआ।
5. वह स्थान जहाँ वर्ष 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

GEOGRAPHY

I. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **6**

1. स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त सबसे पहले पत्तन के रुप में गुजरात के कच्छ क्षेत्र में विकसित बंदरगाह है –
   (i) कांडला (ii) मारमागाओ (iii) तूतीकोरन (iv) पारादीप
2. मिट्टी का नाली कटाव मुख्यतया किस कारण से होता है –
   (i) वर्षा के जल से निर्मित धाराओं के कारण (ii) सीढ़ीदार कृषि
   (iii) वायु (iv) समुद्री लहरें
3. दालों के विषय में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है –
   (i) मिट्टी में नाइट्रोजन के स्थिरीकरण में सहायक है (ii) प्रोटीन सम्पन्न
   (iii) भमि की उर्वरता की पुर्नस्थापना (iv) निर्यात की प्रमुख वस्तु
4. भू–तापीय ऊर्जा की प्राप्ति होती है –
   (i) ज्वार–भाटा (ii) भू–ताप (iii) सौर ऊर्जा (iv) परमाणु ऊर्जा
5. धोबी तथा सफाई कर्मचारी का कार्य किसके अर्न्तगत आता है –
   (i) सभी के अन्तर्गत (ii) प्राथमिक क्षेत्र में
   (iii) द्वितीयक क्षेत्र में (iv) तृतीयक क्षेत्र में
6. दीपा, पामलू, झूम आदि निम्न कृषि के अन्य नाम है –
   (i) वाणिज्यिक (ii) कर्तन दहन प्रणाली
   (iii) गहन जीविका कृषि (iv) निर्वाह

II. निम्नलिखित अति लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **6**

1. मृदा सर्पण किसे कहते हैं ?
2. स्वर्णिम चतुर्भुज महामार्ग के अन्तर्गत आने वाले महानगरों का नाम बताइए ?
3. उदारीकरण क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

III. निम्नलिखित लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **6**

1. संभावी संसाधन क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

   अथवा

   प्राकृतिक गैस को पर्यावरणीय ईंधन क्यों कहा जाता है ?
2. वैश्वीकरण को परिभाषित कीजिए।

   अथवा

   सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों में अन्तर बताइए।

IV. निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **12**

1. संचार के साधन क्या हैं ? ये साधन किस प्रकार जनता में जागरुकता उत्पन्न करते हैं तथा लोगों को एकता के सूत्र में बांधते हैं ?

   अथवा

   खनिज संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता क्यों हैं ? खनिज संसाधनों के संरक्षण के कोई चार तरीके बताइए।
2. ऐसे चार तरीके बताइए जिनमें वैश्वीकरण एवं प्रतिस्पर्धा के दबाव ने एक बड़ी सीमा तक श्रमिकों के जीवन में परिवर्तन ला दिया।

   अथवा

   संगठित, असंगठित क्षेत्रों में रोजगार की स्थितियों का तुलना कीजिए।

V. निम्नलिखित को भारत के मानचित्र पर प्रदर्शित कीजिए – **5**

(i) शुष्क मिट्टी क्षेत्र, (ii) तुगंभद्रा नदी (iii) भाखड़ा नांगल बाँध
(iv) स्वर्णिम चतुर्भज मार्ग (v) कावेरी नदी

****

https://www.upboardonline.com